C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 301 | बिजौलिया - शनिवार, 09 मई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## अवैध बजरी खनन पर सांसद अग्रवाल सख्त, कहा- सड़कों पर मौत बनकर दौड़ रहे डंपर

### ओवरलोड डंपरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश




भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

(मूलचंद पेसवानी)। जिले में अवैध बजरी खनन और ओवरलोड वाहनों के बढ़ते आतंक को लेकर सांसद दामोदर अग्रवाल ने खनिज विभाग और प्रशासन पर नाराजगी जताई है। सांसद ने जिला कलेक्टर से फोन पर बात कर अवैध बजरी परिवहन पर तत्काल सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सांसद अग्रवाल ने खनिज विभाग के नरम रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टर और डंपर सड़कों पर खुलेआम मौत बनकर दौड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभाग की ढिलाई के कारण आमजन की जान जोखिम में पड़ रही है और लगातार हादसे सामने आ रहे हैं।

उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश देते हुए कहा कि प्रशासन, पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त टीम गठित कर अवैध बजरी खनन, परिवहन और दोहन में शामिल वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जाए। साथ ही ओवरलोड डंपरों और ट्रैक्टरों को जब्त कर दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सांसद ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में अवैध बजरी वाहनों की चपेट में आने से कई लोगों की जान जा चुकी है, जिससे कई परिवार उजड़ गए। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि अब केवल औपचारिक कार्रवाई नहीं, बल्कि जमीन स्तर पर प्रभावी सख्ती जरूरी है।

अग्रवाल ने प्रशासन से आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अवैध बजरी माफियाओं पर तुरंत अंकुश लगाने की मांग की।

## अवैध हथकड़ शराब पर बड़ी कार्रवाई , 1200 लीटर वॉश नष्ट, तीन आरोपी गिरफ्तार



भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

अवैध हथकड़ शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 1200 लीटर वॉश नष्ट कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी स्वागत पाण्डया ने बताया है कि पुलिस टीम ने गांव चिताबड़ा में दबिश दी।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने अवैध हथकड़ शराब बनाने में उपयोग की जा रही करीब 1200 लीटर वॉश को नष्ट किया। मौके से बाबूलाल उर्फ बाबू (55) निवासी चिताबड़ा, भीमालाल (54) निवासी काठबड़ा तथा निवास (27) निवासी चिताबड़ा को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। कार्रवाई में उप निरीक्षक नरेश कुमार, सुनील बेनिवाल, सत्यनारायण चाष्टा, हेड कांस्टेबल हरिसिंह, विजयसिंह तथा कांस्टेबल हेमराम और नरेन्द्र की विशेष भूमिका रही।

## बिजौलिया में ट्रक में भीषण आग, फैक्ट्री परिसर में मची अफरा-तफरी , दो बाइकें भी हुई राख

### स्पार्किंग से भड़की आग, चालक-खलासी बाहर होने से टला बड़ा हादसा








भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के निकट स्थित एक पत्थर फैक्ट्री में शुक्रवार को पत्थर भरवाने आए एक ट्रक में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरा ट्रक जलकर राख हो गया ।घटना से फैक्ट्री परिसर में अफरा-तफरी मच गई।फैक्ट्री मालिक सुनील जैन ने बताया की ट्रक फैक्ट्री परिसर के बाहर पत्थर भरवाने के लिए खड़ा था। इसी दौरान ट्रक की केबिन में अचानक स्पार्किंग हुई, जिससे आग भड़क उठी। तेज गर्मी के चलते आग ने कुछ ही देर में पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के समय ट्रक चालक और खलासी वाहन से बाहर थे, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

हादसे के समय ट्रक के पास फैक्ट्री कर्मियों की करीब 12 बाइकें खड़ी थीं। आग बढ़ती देख मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत प्रयास कर 10 बाइकें सुरक्षित हटा लीं, लेकिन पास में खड़ी दो बाइकें आग की चपेट में आ गईं और जलकर राख हो गईं।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। आग बुझाने के लिए पानी के टैंकर बुलवाए तथा स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। बाद में मांडलगढ़ से फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, जिसके बाद आग पर नियंत्रण पाया गया।प्रारंभिक जांच में तेज गर्मी और स्पार्किंग के कारण आग लगना सामने आया है। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, हालांकि ट्रक का बड़ा हिस्सा जल गया।

## महिला की मौत के बाद अस्पताल में हंगामा, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

### महात्मा गांधी चिकित्सालय की मातृ एवं शिशु इकाई में हुआ प्रदर्शन, कार्रवाई की मांग



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पुनित चपलोत

शहर के महात्मा गांधी चिकित्सालय की मातृ एवं शिशु इकाई में एक गर्भवती महिला की मौत के बाद शुक्रवार को परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल परिसर में हंगामा कर प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोगों ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मोर्चरी के बाहर विरोध जताया तथा जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के अनुसार कोटड़ी थाना क्षेत्र के रीठ गांव निवासी रामू देवी भील को प्रसव के लिए महात्मा गांधी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। मृतका के पति बालूलाल भील ने आरोप लगाया कि अस्पताल स्टाफ द्वारा इलाज और देखभाल के नाम पर 5 से 6 हजार रुपए की मांग की गई। परिजनों के अनुसार महिला को खून की कमी होने पर 6 मई को कोटड़ी अस्पताल से भीलवाड़ा रेफर किया गया था। यहां डॉक्टरों ने कई यूनिट ब्लड मंगवाया, जिसकी व्यवस्था परिवार ने आर्थिक तंगी के बावजूद की। आरोप है कि गुरुवार शाम महिला के पेट में तेज दर्द शुरू होने के बाद भी डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने समय पर उपचार नहीं किया, जिससे उसकी मौत हो गई।

ग्रामीण उदयसिंह चारण ने आरोप लगाया कि सरकारी अस्पताल में गरीब मरीजों की अनदेखी की जाती है और उन्हें निजी जांच केंद्रों की ओर भेजा जाता है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि महिला की मौत के बाद परिजनों की सहमति के बिना शव को मोर्चरी में रख दिया गया।

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने दोषी डॉक्टरों एवं नर्सिंगकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की।

## एएनटीएफ की बड़ी कार्रवाई, 514 ग्राम अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

### नाकाबंदी के दौरान बाइक सवार आरोपियों को दबोचा, मोटरसाइकिल भी जब्त

भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा।

पुनित चपलोत

प्रदेशभर में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एएनटीएफ ने जिले में बड़ी कार्रवाई करते हुए 514 ग्राम अवैध अफीम बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है।

एएनटीएफ महानिरीक्षक पुलिस विकास कुमार ने बताया कि नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

एएनटीएफ टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति स्पलेंडर मोटरसाइकिल पर गिलूण्ड से पोटला की ओर अवैध अफीम लेकर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर एएनटीएफ टीम ने गंगापुर पुलिस के साथ मिलकर पोटला पुलिस चौकी के सामने नाकाबंदी की।

नाकाबंदी के दौरान बताए गए हुलिए के अनुसार एक मोटरसाइकिल आती दिखाई दी। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर दोनों युवक घबरा गए। शक होने पर पुलिस ने तलाशी ली, जिसमें उनके कब्जे से 514 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई।

पुलिस ने मौके से अवैध अफीम और मोटरसाइकिल जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रकाश गाडरी पुत्र उदयराम गाडरी (40) निवासी गडरियावास, सहाड़ा थाना गंगापुर तथा रतनलाल जाट पुत्र रामलाल जाट (52) निवासी जाट



मोहल्ला, सहाड़ा थाना गंगापुर के रूप में हुई है।

पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर अफीम सप्लाई नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo. 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA FOCUS

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

C M Y K

## भीलवाड़ा से गूंजी 'सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा' की मुहिम



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

सड़क सुरक्षा के प्रति युवाओं और समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब भारत द्वारा राजेंद्र मार्ग सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल में 'स्व. मृणाल राठी स्मृति सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा क्विज प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 1500 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। राष्ट्रीय महासचिव अनिता डॉ. अशोक सोडाणी ने कहा कि भीलवाड़ा से निकली सड़क सुरक्षा की यह गूंज देश के एक लाख परिवारों तक पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि क्लब ने वर्ष 2026 को 'सड़क सुरक्षा अभियान वर्ष' घोषित किया है।

कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 21 लोगों को 'राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा रत्न सम्मान' से सम्मानित किया गया, जबकि क्विज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 20 विद्यार्थियों को 'सड़क सुरक्षा ज्ञानदीप सम्मान' प्रदान किया गया।

कार्यक्रम संयोजक इन्दिरा डॉ. भागचन्द सोमानी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए युवाओं में जागरूकता जरूरी है। इस अवसर पर डॉ. सुमन सोनी ने सड़क सुरक्षा पर गीत प्रस्तुत किए, वहीं अतिरिक्त कमिश्नर अनिल जैन ने कविता और स्लोगन के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया।

## ग्रीष्मावकाश कटौती के विरोध में शिक्षकों ने किया सद्बुद्धि यज्ञ



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

ग्रीष्मावकाश सहित अन्य अवकाशों में कटौती वापस लेने की मांग को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के बैनर तले शिक्षकों ने जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) कार्यालय के बाहर सद्बुद्धि यज्ञ आयोजित किया। कार्यक्रम संगठन के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में हुआ।

जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि यज्ञ से पूर्व शिक्षकों ने हनुमान चालीसा के 21 पाठ कर शिक्षा मंत्री को सद्बुद्धि प्रदान करने की कामना की।

जिला मंत्री महेश मंडोवरा ने कहा कि कॉलेज शिक्षा में 60 दिन का ग्रीष्मावकाश दिया गया है, जबकि स्कूली शिक्षा में केवल 35 दिन का अवकाश रखा गया है। भीषण गर्मी में बच्चों को स्कूल बुलाना अव्यावहारिक है।

संभागीय मंत्री लीलाधर तिवारी ने बताया कि तृतीय वेतन श्रृंखला अध्यापकों की पदोन्नति एवं स्थानांतरण लंबे समय से लंबित है। यज्ञ में बड़ी संख्या में शिक्षक एवं संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्र के लिए भवन व मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

**रमेश गुर्जर।** कस्बे के शहरकोट क्षेत्र में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 4 के लिए स्थायी भवन एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को जिला कलेक्टर के नाम उपखंड अधिकारी अजीत सिंह को ज्ञापन सौंपा ।

ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में आंगनबाड़ी केंद्र किराये के भवन में संचालित हो रहा है, जिसे कभी भी खाली करवाया जा सकता है। केंद्र पर बच्चों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए शौचालय, पेयजल सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का भी अभाव बना हुआ है, जिससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में प्रशासन से आंगनबाड़ी केंद्र के लिए नए भवन की व्यवस्था करवाने तथा आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई। साथ ही बताया गया कि को-ऑपरेटिव बैंक के पीछे भवन के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध है, जहां केंद्र चलाया जा सकता है। क्षेत्रवासियों ने जल्द ही नए भवन की व्यवस्था कर आंगनबाड़ी सेवाओं का संचालन सुचारू रूप से करवाने की मांग की है ।

## सड़क किनारे खड़े डंपर में घुसी बाइक, युवक की मौत



भीलवाड़ा फोकस @ सलावटिया

**( विकास जैन )।** इंद्रपुरा के निकट शुक्रवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा धर्मकांटे के पास सड़क पर खड़े डंपर से टकराने के कारण हुआ।

जानकारी के अनुसार तिलस्वां निवासी पूरण रैगर किसी काम से बाइक पर घर से निकला था। इसी दौरान इंद्रपुरा के पास स्थित धर्मकांटे पर तुलाई के लिए सड़क पर खड़े डंपर में उसकी बाइक जा घुसी। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई।घटना के बाद डंपर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कस्बे की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# रेलवे कनेक्टिविटी को लेकर उठी मांग, बिजोलिया को नई रेल लाइन से जोड़ने की पहल शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

**मानव तिवाड़ी ।** क्षेत्र के विकास और रोजगार के नए अवसरों को गति देने के उद्देश्य से बिजोलिया को नई रेलवे लाइन से जोड़ने की मांग जोर पकड़ने लगी है। इसी क्रम में भाजपा के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष मनोज गोधा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर मंदसौर-नीमच-सिंगोली होते हुए बिजोलिया तथा आगे माल का खेड़ा रेलवे स्टेशन तक नई रेल लाइन स्वीकृत करवाने की मांग की।प्रतिनिधिमंडल में मंडल महामंत्री मुकेश धनोपिया, पूर्व महामंत्री वेद प्रकाश तिवारी एवं राजेश पटवारी भी शामिल रहे। प्रतिनिधियों ने सांसद को अवगत कराया कि बिजोलिया जैसे औद्योगिक और व्यापारिक क्षेत्र के लिए रेलवे सुविधा अब समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि बिजोलिया देश की प्रमुख सैंडस्टोन मंडियों में शामिल है, जहां से पत्थर का निर्यात करीब 80 देशों तक किया जाता है। वर्तमान में यह कारोबार पूरी तरह सड़क परिवहन पर निर्भर है और माल गुजरात के मुंद्रा पोर्ट तक ट्रकों के माध्यम से पहुंचाया जाता है, जिससे लागत बढ़ जाती है। रेलवे कनेक्टिविटी मिलने पर परिवहन खर्च कम होगा और व्यापार को नई गति मिलेगी।सांसद दामोदर अग्रवाल ने क्षेत्र की जरूरत को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि वे जल्द ही केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर इस प्रस्ताव को प्राथमिकता के साथ उठाएंगे। उन्होंने कहा कि रेल लाइन से जुड़ने पर बिजोलिया क्षेत्र में उद्योग, व्यापार और रोजगार के नए अवसर विकसित होंगे तथा युवाओं का पलायन भी रुकेगा।



ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि रेलवे सुविधा के अभाव में क्षेत्र के लोगों को लंबे समय से परिवहन संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में नई रेल लाइन न केवल बिजोलिया बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लिए भी विकास की नई राह खोल सकती है।

## मांडलगढ़ पहुंचा ग्राम रथ, ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

भीलवाड़ा राज्य सरकार के ग्राम रथ अभियान के तहत शुक्रवार को मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में ग्राम रथ पहुंचा, जहां ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस दौरान वरिष्ठ जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा ने ग्रामीणों को 13 विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि तारबंदी, फार्म पौंड, चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा, पालनहार योजना एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।

ग्राम रथ में लगी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से योजनाओं का लाइव प्रदर्शन भी किया गया, जिसे ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक देखा। साथ ही सुझाव पेटिका में ग्रामीणों ने अपने सुझाव भी दर्ज करवाए।

जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू द्वारा अभियान की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। अधिकारियों से रथ की लोकेशन, ग्रामीणों की सहभागिता और फीडबैक की जानकारी ली जा रही है।

प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे और ग्राम रथ अभियान इसी उद्देश्य को पूरा कर रहा है।

## 'ईवॉल्व द सुपर मॉम' कार्यक्रम में मातृत्व का हुआ सम्मान

### सुपर मॉम कॉन्टेस्ट में रेणु जैन विजेता, रक्षा जैन को मिला 'प्राउड मदर अवार्ड'

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**पुनीत चपलोत**

विश्व मातृत्व दिवस के उपलक्ष्य में कल्याणी फाउंडेशन द्वारा भिक्षु विहार में 'ईवॉल्व द सुपर मॉम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसजीएसटी विभाग की डिप्टी कमिश्नर शेलू छाजेड मुख्य अतिथि रहीं, जबकि अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष दिव्या बोरदिया ने की।



कार्यक्रम में मातृत्व, महिला सशक्तिकरण और कार्य-जीवन संतुलन पर आधारित विभिन्न गतिविधियां आयोजित हुईं। 'सुपर मॉम' कॉन्टेस्ट में रेणु जैन प्रथम, मीना पगारिया द्वितीय और अलका बाबेल तृतीय रहीं। वहीं ऑनलाइन सुपर सेल्फी कॉन्टेस्ट में निक्की खटोड़ विजेता बनीं।

समारोह की विशेष आकर्षण 'प्राउड मदर अवार्ड' रहा, जिसमें दुग्धदान कर समाज के लिए मिसाल बनीं रक्षा जैन को सम्मानित किया गया। रक्षा जैन अब तक 160 लीटर से अधिक दूध दान कर जरूरतमंद बच्चों के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। कार्यक्रम में महिला उद्यमियों द्वारा 'बिजनेस शोकेस' के माध्यम से अपने उत्पादों और कार्यों की प्रस्तुति भी दी गई। संचालन एकता लोढ़ा ने किया तथा विभिन्न सदस्यों ने व्यवस्थाओं में सहयोग दिया।

## हरि-हरात्मक यज्ञ में विष्णु सहस्त्रनाम की 80 हजार आहुतियां

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे के निकटवर्ती बड़ला गांव स्थित बोर का मंड देवनारायण मंदिर में आयोजित पंच दिवसीय पंचकुंडात्मक श्री हरि-हरात्मक यज्ञ धार्मिक माहौल के बीच जारी है। पीपल विवाह एवं काल भैरव मूर्ति स्थापना महोत्सव के तहत शुक्रवार को यज्ञ के तीसरे दिन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन कुंडों में विष्णु सहस्त्रनाम की 80 हजार आहुतियां दी गई।



ग्रामीणों ने बताया कि यज्ञ में पांच हवन कुंडों पर 40 जोड़ों ने भाग लेकर पूजा-अर्चना की। वहीं काल भैरव मूर्ति का चावलाधिवास, घृताधिवास, फलाधिवास एवं पुष्पाधिवास कार्यक्रम भी संपन्न हुआ।

यज्ञ के तहत शनिवार को महाअभिषेक होगा तथा शाम 5 बजे बड़ी हरणी से मंगरी स्थित देवनारायण मंदिर से बारात बड़ला पहुंचेगी। इसके बाद रविवार अलसुबह भगवान देवनारायण एवं पीपल का शुभ विवाह संपन्न कराया जाएगा। इसी दिन काल भैरव मूर्ति स्थापना एवं यज्ञ की पूर्णाहुति होगी।



QUICK BITES

## सांवरिया सेठ मंदिर में अनुष्ठानों के दौरान भारतीय परिधान अनिवार्य

### नई कार्यकारिणी की पहली बैठक में कई अहम निर्णय, धार्मिक आयोजनों की तैयारियां तेज

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



श्री सांवरिया सेठ मंदिर ट्रस्ट की नवगठित कार्यकारिणी की पहली साधारण सभा रामधाम के पीछे माहेश्वरी भवन में आयोजित हुई। बैठक में मंदिर की परंपराओं और धार्मिक मर्यादा को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए गोविंद प्रसाद सोडानी ने बताया कि अब मंदिर में होने वाले हवन एवं धार्मिक अनुष्ठानों में मुख्य यजमान और उनके सहयोगियों के लिए भारतीय परिधान पहनना अनिवार्य होगा। पुरुषों के लिए धोती तथा महिलाओं के लिए भारतीय संस्कृति के अनुरूप परिधान निर्धारित किए गए हैं।

बैठक में मंदिर के विभिन्न कार्यों के संचालन के लिए पांच समितियों का गठन भी किया गया। पूर्णिमा-अमावस्या अनुष्ठान की जिम्मेदारी भंवरलाल दरगड़, भंडार व्यवस्था गिरिराज काबरा, पूजन सामग्री संग्रहण मनीष बहेड़िया, मंदिर निर्माण देखरेख सुनील नवाल तथा वित्त एवं दान पेटी व्यवस्था चन्द्रप्रकाश आगाल को सौंपी गई।

ट्रस्ट ने आगामी पुरुषोत्तम मास में छप्पन भोग, अन्नकूट महोत्सव और नौका विहार जैसे विशेष धार्मिक आयोजन करने का निर्णय भी लिया। साथ ही नर्मदेश्वर महादेव मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा एवं मल्टीपर्पज सत्संग भवन के लोकार्पण की तैयारियों पर भी चर्चा की गई।

बैठक में संरक्षक डीपी अग्रवाल, उपाध्यक्ष कमल कंदोई, महासचिव कैलाश डाड, कोषाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश आगाल सहित कई पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

## सांवरिया सेठ मंदिर में भक्तों को मिलेगा शुद्ध शीतल जल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



गाडरमाला रोड स्थित सांवरिया सेठ मंदिर में मां भारती समूह की मातृ शक्ति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आधुनिक आरओ युक्त वॉटर कूलर भेंट किया गया। इससे मंदिर आने वाले भक्तों को गर्मी में शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडाणी ने कहा कि भक्तों की उदारता से ही मंदिर की व्यवस्थाएं लगातार मजबूत हो रही हैं। वॉटर कूलर में गर्मी के मौसम में ठंडा तथा सर्दी में गुनगुना पानी उपलब्ध कराने की सुविधा भी दी गई है।

इस अवसर पर मंदिर प्रबंधन ने मां भारती समूह की मातृ शक्ति का आभार व्यक्त किया। श्रद्धालुओं ने भी इस पहल को सराहनीय बताया।

## रवि लोट हत्याकांडः वाल्मीकि समाज का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, परिवार को नौकरी-मुआवजा और बुलडोजर कार्रवाई की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




**पुनित चपलोत**




बड़लियास निवासी और वर्तमान में तिलक नगर में रह रहे युवक रवि लोट की हुई निर्मम हत्या को लेकर वाल्मीकि समाज के लोगों ने जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान समाज के लोग मृतक का प्रतीकात्मक पुतला लेकर पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। बाद में समाज के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और सांसद को ज्ञापन सौंपा। वाल्मीकि महापंचायत सम्पूर्ण भारत के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र नकवाल ने बताया कि 2 अप्रैल 2026 की रात सोनी हॉस्पिटल के पास रवि लोट की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और सहायता का मौखिक आश्वासन दिया गया था, जिसके बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार किया था।

ज्ञापन में मांग की गई कि मृतक के परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता दी जाए तथा एक्सिस बैंक से लिया गया गृह ऋण माफ किया जाए। साथ ही परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने, आरोपियों के अवैध निर्माणों पर बुलडोजर कार्रवाई करने और मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कर दोषियों को मृत्युदंड दिलाने की मांग भी उठाई गई। समाज के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगें पूरी नहीं हुईं तो पूरे राजस्थान में उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

भीलवाड़ा फोकस
BHILWARA FOCUS
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# आदर्श विद्या मंदिर शास्त्रीनगर में सौर ऊर्जा प्लांट व स्मार्ट क्लास का लोकार्पण





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, ए-सेक्टर शास्त्रीनगर में शुक्रवार को भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अशोक कोठारी द्वारा विधायक मद से स्वीकृत 21 लाख रुपए की राशि से स्थापित 30 केवी सोलर प्लांट, स्मार्ट बोर्ड एवं कंप्यूटर लैब का विधिवत उद्घाटन किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. शंकर लाल माली उपस्थित रहे। वहीं चांदमल सोमाणी, मिट्ठू लाल स्वर्णकार, हीरा लाल टेलर सहित विधायक कार्यालय से बाबूलाल टांक एवं भगवान सिंह आरजिया भी मौजूद रहे।

विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष कैलाश सराफ ने बताया कि भीलवाड़ा में पहली बार विधायक मद से किसी विद्यालय में सोलर प्लांट स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस पहल से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, ग्रीन एनर्जी का उत्पादन होगा तथा बिजली बिलों में कमी आने से विद्यालय को दीर्घकालिक आर्थिक लाभ मिलेगा।

विद्यालय में स्मार्ट बोर्ड और नए कंप्यूटर लगाए जाने से विद्यार्थियों को तकनीक आधारित आधुनिक शिक्षा का लाभ मिलेगा। इससे छात्र-छात्राएं डिजिटल युग की चुनौतियों के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो सकेंगे।

कार्यक्रम में जिला मंत्री कैलाश सुथार, विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव अभिषेक जैन, कोषाध्यक्ष कर्मेश व्यास, रेखा सोनी, मधु मोदी, पूर्व छात्र परिषद के विराट सोनी सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

साथ ही विद्या भारती द्वारा संचालित भीलवाड़ा जिले के सभी 22 विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

# जनगणना 2027 की तैयारी तेज, शाहपुरा में प्रगणकों को दिया विशेष प्रशिक्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी जनगणना 2027 को लेकर शाहपुरा प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। चार्ज जनगणना अधिकारी एवं तहसीलदार शाहपुरा भींवराज परिहार ने बताया कि जनगणना कार्य को सुचारू एवं त्रुटिरहित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए तृतीय एवं चतुर्थ बैच का प्रशिक्षण 6 मई से 8 मई 2026 तक आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम प्र.सि.बा. राजकीय महाविद्यालय एवं पंचायत समिति परिसर में आयोजित हुआ, जहां फील्ड ट्रेनर धर्मीचन्द जैन, मनोज कुमार सोनी, नितिन जावलिया एवं



अनिल घूसर ने पर्यवेक्षकों और प्रगणकों को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया।

प्रशिक्षण के दौरान जनगणना से जुड़े तकनीकी एवं व्यवहारिक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसमें मकान सूचीकरण, परिवारों की गणना, परिवार के सदस्यों का विवरण, शिक्षा स्तर, व्यवसाय, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, जन्म एवं मृत्यु संबंधी आंकड़ों के संकलन सहित विभिन्न बिंदुओं पर विशेष मार्गदर्शन किया गया।

तहसीलदार परिहार ने कहा कि जनगणना देश की सबसे बड़ी सांख्यिकीय प्रक्रिया है, जिसके आधार पर सरकार विकास योजनाओं की रूपरेखा तैयार करती है। जनसंख्या के सही आंकड़े मिलने से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास, सामाजिक सुरक्षा एवं आधारभूत सुविधाओं के विस्तार में मदद मिलती है तथा संसाधनों का उचित वितरण सुनिश्चित होता है।

उन्होंने बताया कि 1 मई से 15 मई 2026 तक स्वगणना चरण संचालित किया जा रहा है, जिसमें नागरिक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इसके बाद 16 मई से 15 जून 2026 तक प्रगणक घर-घर जाकर मकान सूचीकरण एवं परिवारों का डाटा एकत्रित करेंगे।

चार्ज जनगणना अधिकारी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे सही, सटीक एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर जनगणना कार्य को सफल बनाएं, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंच सके।

# कलश स्थापना व पूर्णाहुति के साथ पंचकुंडीय विष्णु महायज्ञ संपन्न, भजनों से भक्तिमय हुआ आकोला





**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(जसवंत पारीक)।** कस्बे में पिछले नौ दिनों से चल रहा पंचकुंडीय विष्णु महायज्ञ शुक्रवार को श्रद्धा, भक्ति और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूर्णाहुति के साथ संपन्न हो गया। महायज्ञ के अंतिम दिन निकली शोभायात्राओं, विभिन्न मंदिरों में कलश स्थापना और देर रात तक चली भजन संध्या ने पूरे कस्बे को भक्तिमय माहौल में सराबोर कर दिया।

यज्ञाचार्य भगवती प्रसाद शास्त्री एवं गोपाल लाल ने बताया कि शुक्रवार सुबह यज्ञ स्थल से गाजे-बाजे के साथ शिव परिवार की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो कस्बे के प्रमुख मार्गों से होते हुए लक्ष्मीनाथ मंदिर पहुंची।



शुभ मुहूर्त में शिव परिवार की स्थापना की गई। इसके बाद लक्ष्मीनाथ मंदिर, नाहर माता मंदिर एवं तेजाजी मंदिर में स्थापित किए जाने वाले कलशों की बैंड-बाजों और ढोल-नगाड़ों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। दोपहर में लक्ष्मीनाथ मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में विधि-विधान के साथ कलश स्थापना हुई। इस दौरान पूरा कस्बा भगवान लक्ष्मीनाथ के जयकारों से गूंज उठा। बाद में यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ की पूर्णाहुति दी गई।

वहीं शिवालय धाम पर महायज्ञ में पधारे संतों का सम्मान एवं विदाई समारोह भी आयोजित किया गया। इसमें रामदास फलाहारी बाबा, त्यागी रामदास , नून का गणेश , लाल बाबा एवं काठियावाड़ी महाराज सहित कई संत शामिल हुए। संतों की विदाई धाम के महंत रामस्नेहीदास जी महाराज के सानिध्य में की गई। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, पूर्व प्रधान विजय सिंह राणावत, शोभालाल जाट सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। महायज्ञ के दौरान गुरुवार रात बस स्टैंड पर विशाल भजन संध्या का आयोजन भी किया गया, जो देर रात से भोर तक चली। कार्यक्रम की शुरुआत राजसमंद से आए भजन गायक आशीष पारीक ने गणपति वंदना से की। इसके बाद टोंक से आए प्रसिद्ध भजन गायक श्रवण सेदरी ने हनुमान जी एवं राजस्थानी लोकभक्ति से जुड़े भजनों की प्रस्तुतियां दीं। वहीं आशीष शर्मा ने 'लक्ष्मीनाथ की महिमा न्यारी' सहित कई भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भजन संध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालु देर रात तक भजनों का आनंद लेते रहे।

# वित्तीय विश्लेषण का प्रभावी टूल बन चुका है एक्सेल : सीए विजय अग्रवाल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की भीलवाड़ा शाखा द्वारा शुक्रवार को आईसीएआई भवन पटेल नगर में 'एम.एस. एक्सेल 365 के उन्नत उपयोग' विषय पर सीपीई सेमिनार आयोजित किया गया।

शाखा अध्यक्ष दिनेश सुथार ने बताया कि मुख्य वक्ता दिल्ली से आए विजय अग्रवाल ने एक्सेल 365 के



नवीनतम फीचर्स, डेटा एनालिटिक्स, पिवट टेबल, डैशबोर्ड और ऑटोमेशन तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एक्सेल अब केवल स्प्रेडशीट सॉफ्टवेयर नहीं, बल्कि वित्तीय विश्लेषण, रिपोर्टिंग और मैनेजमेंट डिसीजन सपोर्ट का प्रभावी टूल बन चुका है।कार्यक्रम में सीए सदस्यों को लाइव डेमो के माध्यम से समय बचाने और कार्यक्षमता बढ़ाने के तरीके बताए गए। अंत में पूर्वाध्यक्ष आलोक सोमानी ने आभार व्यक्त किया।

# मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा राधे नगर, एक हैंडपंप के सहारे गुजर रहा जीवन

## सड़क, नाली और पानी की समस्या से जूझ रहे 200 से अधिक परिवार, क्षेत्रवासियों ने दी चुनाव बहिष्कार की चेतावनी





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**पुनित चपलोत**

शहर के पुर रोड स्थित राधे नगर कॉलोनी में रहने वाले करीब 200 से अधिक परिवार वर्षों से मूलभूत सुविधाओं के अभाव में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। सड़क, नाली और पेयजल जैसी आवश्यक सुविधाएं नहीं होने से क्षेत्रवासियों में भारी नाराजगी है। हालत यह है कि पूरी कॉलोनी आज भी केवल एक हैंडपंप के भरोसे चल रही है। गर्मी बढ़ने के साथ पानी का संकट और गहरा गया है तथा लोगों को घंटों लाइन में लगकर पानी भरना पड़ रहा है।

सुबह होते ही हैंडपंप पर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की लंबी कतार लग जाती है। कई बार पानी भरने के लिए दो से तीन घंटे तक इंतजार करना पड़ता है, जिससे लोगों की दैनिक दिनचर्या प्रभावित हो रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि शहर में रहने के बावजूद उन्हें गांव से भी बदतर हालात का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी रूबी सिंह ने बताया कि वे पिछले पांच वर्षों से कॉलोनी में रह रही हैं और तब से लगातार पानी, सड़क और नालियों की समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा कि पूरे इलाके में सिर्फ एक हैंडपंप है, जिससे सभी परिवार पानी भरते हैं। पानी को लेकर कई बार विवाद की स्थिति भी बन जाती है।

उन्होंने बताया कि कॉलोनी के पास से चंबल परियोजना की पाइपलाइन गुजर रही है, लेकिन क्षेत्र को अब तक उससे नहीं जोड़ा गया। नालियां नहीं होने के कारण गंदा पानी खाली प्लॉटों में जमा हो जाता है, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है और बीमारियों का खतरा बना हुआ है। इतना ही नहीं, पानी मकानों की नींव तक पहुंचने से घरों को भी नुकसान होने लगा है।

गृहिणी सुनीता देवी छीपा ने बताया कि पानी भरने में दिन का बड़ा हिस्सा निकल जाता है। घर तक पानी पहुंचाने के बाद भी उसका बेहद सावधानी से उपयोग करना पड़ता है। बच्चों को भी पानी बचाने की सीख देनी पड़ती है, क्योंकि पानी जुटाना आसान नहीं है।

वहीं स्थानीय निवासी लोकेंद्र छीपा और राजू वर्मा ने बताया कि बारिश के दिनों में हालात और खराब हो जाते हैं। सड़क नहीं होने से पानी भरकर घरों तक पहुंच जाता है और कीचड़ के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है।

क्षेत्रवासियों का आरोप है कि कई बार प्रशासन, नगर विकास न्यास और संबंधित विभागों को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क, नाली और पेयजल की व्यवस्था नहीं की गई तो वे आगामी चुनाव में मतदान का बहिष्कार करेंगे।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से कॉलोनी में सड़क और नालियों का निर्माण करवाने, अतिरिक्त हैंडपंप लगाने और नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# बाल विवाह रोकथाम को लेकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के तत्वावधान में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पुलिस लाइन में बाल विवाह रोकथाम को लेकर जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार के निर्देशन में किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बाल विवाह को सामाजिक बुराई एवं गैर कानूनी बताते हुए इसके दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि बाल विवाह बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं विकास में बाधा बनता है और उनके सपनों को साकार होने से रोकता है। बच्चों को बाल अधिकारों की जानकारी देते हुए बताया गया कि बाल विवाह जैसी कुरीतियों को रोकने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना होगा।

इस दौरान विद्यार्थियों को बाल विवाह रोकथाम की शपथ भी दिलाई गई। साथ ही बाल अधिकार, बालिका शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता विषयों पर चर्चा की गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि बाल विवाह करवाने या उसमें शामिल होने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है, जिसमें दो वर्ष तक की सजा हो सकती है।

जिला बाल संरक्षण इकाई की संरक्षण अधिकारी अनुराधा तोलंबिया एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की केस वर्कर सुमन साहू ने बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह की सूचना इस नंबर पर दी जा सकती है तथा सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाती है। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य रवि वरिष्ठ, व्याख्याता हेमराज कटारिया, अध्यापक सोनिया अग्रवाल, मुराद अली एवं सांवरिया खटीक सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# कचरे के ढेर में भोजन तलाशती गौमाता, शहर की तस्वीर पूछ रही कई सवाल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।





एक ओर देशभर में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग जोर पकड़ रही है, वहीं दूसरी ओर शहर की सड़कों और कचरे के ढेरों में भोजन तलाशती गौमाता की तस्वीरें व्यवस्था की हकीकत बयां कर रही हैं। खुले में फैली गंदगी के बीच प्लास्टिक और सड़े हुए कचरे में मुंह मारती गायों का दृश्य न केवल चिंताजनक है, बल्कि समाज और व्यवस्था दोनों के सामने कई सवाल भी खड़े करता है।

कुछ दिन पहले ही शहर में गौमाता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग को लेकर विशाल रैली निकाली गई थी। बड़ी संख्या में गोभक्तों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सरकार के नाम ज्ञापन भी सौंपा था। लेकिन रैली और नारों के बाद भी शहर की गलियों में गौवंश की हालत जस की तस बनी हुई है। शहर के कई इलाकों में खुले में पड़े कचरे के ढेर अब बेसहारा गायों के लिए भोजन का साधन बन चुके हैं।

पेट भरने की मजबूरी में गौवंश प्लास्टिक और हानिकारक कचरा खाने को मजबूर है, जो उनके स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन रहा है। कई बार यही स्थिति बीमारियों और असमय मौत का कारण भी बनती है। धार्मिक आस्था में गौमाता को पूजनीय माना जाता है, लेकिन सच्चाई यह भी है कि सड़कों पर भटकती गायें आज भी सुरक्षित आश्रय, स्वच्छ पानी और पर्याप्त चारे के लिए संघर्ष कर रही हैं। शहर में जगह-जगह फैली गंदगी और खुले कचरा पात्रों के आसपास भोजन तलाशती गायें मानो मूक होकर यही पुकार कर रही हों 'हमारी भी सुनो सरकार... '

सामाजिक संगठनों और गौसेवकों का कहना है कि केवल ज्ञापन और रैलियों से स्थिति नहीं बदलेगी। जरूरत इस बात की है कि शहर में ठोस स्तर पर गौसंरक्षण की व्यवस्था हो, कचरा प्रबंधन सुधरे और बेसहारा गौवंश के लिए स्थायी चारा व आश्रय की व्यवस्था की जाए। गौमाता की यह बदहाल तस्वीरें अब लोगों से केवल सहानुभूति नहीं, बल्कि जिम्मेदारी निभाने की मांग कर रही हैं।

# 7 दिन में 51 नंदियों की मौत पर फूटा गौ रक्षकों का आक्रोश, काइन हाउस के बाहर दिया धरना

## गौ रक्षक बोले गौवंशो की इस तरह हो रही मौतें कतई बर्दाश्त नहीं

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



**पुनित चपलोत**

शहर के जमना विहार स्थित नगर निगम संचालित काइन हाउस में लगातार हो रही गौवंश की मौतों को लेकर गौसेवकों में भारी आक्रोश देखने को मिला। पिछले सात दिनों में 51 गौवंश की मौत होने का दावा करते हुए बड़ी संख्या में गौभक्त काइन हाउस के बाहर धरने पर बैठ गए। इस दौरान नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग उठाई गई। गौसेवकों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मान ली जाती, तब तक धरना जारी रहेगा।

श्रीराम गौ सेवा समिति के अध्यक्ष राम बाबु राव ने आरोप लगाते हुए कहा भीलवाड़ा शहर से पकड़कर लाए जा रहे गौवंश को क्षमता से अधिक संख्या में काइन हाउस में रखा जा रहा है। जहां काइन हाउस की क्षमता करीब 800 गौवंश की है, वहीं यहां 1000 से 1200 तक गौवंश ठूंस-ठूंसकर रखे जा रहे हैं। भीड़, चारे की कमी और आपसी लड़ाई के कारण रोजाना कई नंदी दम तोड़ रहे हैं। यह केवल लापरवाही नहीं बल्कि सनातन संस्कृति और गौसेवा की भावना पर गहरी चोट है। 1 मई से अब तक 51 गौवंश की मौत हो चुकी है। हम प्रशासन से उच्च स्तरीय जांच कराने, छोटे नंदियों को काइन हाउस में बंद करने पर रोक लगाने और गौवंश को अन्य गौशालाओं में शिफ्ट करने की मांग कर रहे है। वहीं राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहनी के जिलाध्यक्ष नानू राम तेली ने कहा कि काइन हाउस में ना पर्याप्त चारा-पानी की व्यवस्था है और ना ही इलाज की सुविधा। लगातार हो रही मौतों के बावजूद नगर निगम प्रशासन गंभीरता नहीं दिखा रहा है। जब तक अधिकारी मौके पर आकर संतोषजनक कार्रवाई का भरोसा नहीं देते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## QUICK BITES

# विधायक कोठारी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, शारीरिक शिक्षक भर्ती 2022 के चयनित कार्मिकों को स्थाई करने की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने शारीरिक शिक्षक सीधी भर्ती-2022 में चयनित कार्मिकों के वेतन नियमितीकरण एवं स्थाईकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को पत्र लिखकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। विधायक कोठारी ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया पूर्ण हुए लगभग तीन वर्ष बीत जाने के बावजूद चयनित शिक्षकों का वेतन नियमितीकरण एवं स्थाईकरण नहीं हो पाया है, जिससे अभ्यर्थियों में असंतोष एवं चिंता का माहौल है। उन्होंने कहा कि कई चयनित शिक्षकों ने उन्हें अभ्यावेदन सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया है।

कोठारी ने पत्र में उल्लेख किया कि नियमितीकरण की प्रक्रिया लंबित रहने से चयनित शिक्षक मानसिक तनाव एवं असुरक्षा की भावना से गुजर रहे हैं। साथ ही कम वेतन के कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि राज्यस्तरीय एवं संभागस्तरीय समितियों को आवश्यक निर्देश जारी कर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की शीघ्र जांच कराई जाए तथा पात्र अभ्यर्थियों के वेतन नियमितीकरण एवं स्थाईकरण की प्रक्रिया जल्द पूर्ण की जाए, ताकि उन्हें समय पर समस्त सेवा परिलाभ प्राप्त हो सकें।

विधायक कोठारी ने अपने पत्र में राज्य सरकार के शिक्षा (ग्रुप-2) विभाग द्वारा जारी उस आदेश का भी उल्लेख किया है, जिसके तहत पीटीआई भर्ती-2022 में चयनित अभ्यर्थियों के वेतन नियमितीकरण एवं स्थाईकरण पर रोक लगाई गई थी। संयुक्त शासन सचिव मनीष गोयल द्वारा 18 अगस्त 2025 को जारी आदेश में कहा गया था कि भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज फर्जी होने संबंधी लगातार शिकायतें प्राप्त होने के कारण राज्यस्तरीय एवं संभागस्तरीय जांच समितियों का गठन किया गया है। जांच प्रक्रिया पूर्ण होने तक चयनित अभ्यर्थियों के वेतन नियमितीकरण एवं स्थाईकरण पर आगामी आदेशों तक रोक लगाने के निर्देश दिए गए थे।

कोठारी ने कहा कि अब लंबा समय बीत जाने के बावजूद जांच प्रक्रिया पूर्ण नहीं होने से वास्तविक एवं पात्र अभ्यर्थियों को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया है।

# जिला कारागृह में शुरू हुई लीगल एड हेल्प डेस्क, परिजनों को मिल रही निःशुल्क कानूनी सहायता

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण राजस्थान के निर्देशों पर जिला कारागृह भीलवाड़ा में कैदियों एवं उनके परिजनों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'लीगल एड हेल्प डेस्क' की शुरुआत की गई है। यह हेल्प डेस्क जिला कारागृह के मुलाकात कक्ष में संचालित किया जा रहा है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित यह हेल्प डेस्क प्रत्येक सप्ताह मंगलवार से शुक्रवार तक कार्य करेगा, जहां LADCS अधिवक्ता एवं पैरालीगल वॉलंटियर्स (PLV) सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निःशुल्क विधिक सहायता और कानूनी परामर्श प्रदान कर रहे हैं।

शुक्रवार को डिप्टी चीफ डिफेंस काउंसिल (लीगल एड) सारांश चतुर्वेदी ने हेल्प डेस्क पर पहुंचकर कैदियों से मिलने आए परिजनों का पंजीयन किया तथा निर्धारित प्रपत्र भरवाकर आवश्यक विधिक मार्गदर्शन उपलब्ध कराया।

इस दौरान जिला सेशन न्यायाधीश अभय जैन एवं जिला विधिक प्राधिकरण के सचिव विशाल भार्गव ने हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने भरे गए प्रपत्रों और विधिक सहायता प्रक्रिया की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

कार्यक्रम में जेल अधीक्षक शैलेन्द्र फौजदार, जेलर हीरालाल, कर्मचारी मनोज व्यास, राज्यवर्धन, सुरेश प्रजापत सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुसार इस पहल से जेल में बंद कैदियों के परिजनों को समय पर कानूनी सहायता उपलब्ध होगी और न्याय तक उनकी पहुंच अधिक आसान बन सकेगी।

# गौसेवा के लिए आगे आए किसान और भामाशाह, गौशाला में जुटाया 84 ट्रॉली खाखला

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



मंडोल बांध के समीप स्थित गौ रक्षक शहीद श्री मुरलीधर बोहरा गौशाला में बेसहारा गोवंश के भरण-पोषण को लेकर क्षेत्र के किसान और भामाशाह लगातार सहयोग कर रहे हैं। इसी कड़ी में गौशाला समिति द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत करीब डेढ़ माह में 84 ट्रॉली गेहूं का भूसा (खाखला) संग्रहित किया गया है। गौशाला समिति के अनुसार 16 मार्च से 7 मई तक चले इस अभियान में ग्रामीणों, गौभक्तों और दानदाताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समिति ने बताया कि इस वर्ष 120 ट्रॉली खाखला एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन बारिश से फसल खराब होने के कारण लक्ष्य पूरा नहीं हो सका। हालांकि समिति ने उम्मीद जताई है कि खरीफ फसल तैयार होने के बाद शेष खाखले की व्यवस्था कर ली जाएगी।

गौशाला में वर्तमान में करीब 125 बेसहारा, लावारिस एवं दुर्घटनाग्रस्त गोवंश की देखभाल की जा रही है। गोवंश के लिए चारे की पर्याप्त व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए ग्रामीण स्तर पर लगातार सहयोग मिल रहा है। गौशाला में स्थायी चारा घर नहीं होने के कारण बारिश के मौसम में भूसे को सुरक्षित रखना बड़ी चुनौती बना हुआ था। ऐसे में समिति ने चावल की पराली से झोपड़ी नुमा खरड़ियां तैयार कर उनमें खाखले का सुरक्षित भंडारण किया है, ताकि बरसात में चारा खराब न हो।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।